रोल न0 | | | | | | | | |

# प्रतिदर्श प्रश्न–पत्र
## 2025
## गृह विज्ञान (सैद्धान्तिक)

समयः 3 घण्टे                                                                 पूर्णांक : 70

**निर्देशः** (I) इस प्रश्न–पत्र में कुल 24 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(II) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(III) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा समुचित उत्तर दीजिए।

(iV) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 5 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।

(V) प्रश्न संख्या 1 का प्रत्येक खण्ड एक अंक का है। प्रश्न संख्या 2 से 5 तक एक अंक के प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या 6 से 10 तक दो अंक के प्रश्न है। प्रश्न संख्या 11 से 20 तक तीन अंक के प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या 21 से 24 तक चार अंक के प्रश्न हैं। जिसमें प्रश्न संख्या 24 केस/स्रोत आधारित है।

1 (क) बायोकॉन इंडिया लिमिटेड की अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक है ? 1

(i) किण मजूमदार शा (ii) किरण बेदी
(iii) स्वाती आर पराड़कर (iv) श्रीमान नारायण मूर्ति

(ख) पोषण अभियान या समग्र पोषण के लिए पीएम की व्यापक योजना किस वर्ष शुरू की गई ? 1

(i) मार्च 2018 (ii) अप्रैल 2018
(iii) मई 2022 (iv) जून 2019

(ग) भारत में चल रहे पोषण कार्यक्रम हैं– 1

(i) एकीकृत बाल विकास सेवाए (ii) पोषणहिनता नियंत्रण कार्यक्रम
(iii) आहार पूरक कार्यक्रम (iv) उपरोक्त सभी

(घ) 'छिपी भूख" शब्द का प्रयोग होता है– 1

(i) सूक्ष्मपोषणहीनता से (ii) प्रोटीन हीनता से
(iii) कार्बोज हीनता से (iv) उपरोक्त कोई नहीं

(ड.) भारत में बरिष्ठ नागरिक किस उम्र के व्यक्ति होते हैं ? 1

(i) 65 वर्ष (ii) 60 वर्ष
(iii) 70 वर्ष (iv) 55 वर्ष

(च) बच्चों की वैकल्पिक देखरेख के प्रकार हैं ? 1

(i) दादा–दादी/नाना नानी के द्वारा देखरेख (ii) शुल्क देकर घर पर बच्चों की देखरेख
(iii) क्रैच आदि संस्थाओं द्वारा बच्चों की देखरेख (iv) उपर्युक्त सभी

(छ) आर्थर पेज के अनुसार जनसंपर्क के कितने सिद्धान्त हैं ? 1

(i) 4 (ii) 7
(iii) 2 (iv) 3

(ज) अतिथि चक्र की अवस्थाएँ हैं :– 1

(i) 4 (ii) 3
(iii) 2 (iv) 1

निर्देश : प्रश्न संख्या 1 के अगले दो खण्डों में, दो कथनों को अभिकथन (A) तथा कारण (R) के रूप में चिन्हित किया गया है। निम्नलिखित विकल्पों ( i ), ( ii ), ( iii ), तथा (iv) में से चिन्हित कर इनका सही उत्तरा दीजिए।

(i) A तथा R दोनों सही हैं, R , A की सही व्याख्या करता है।
(ii) A तथा R दोनों सही हैं, R , A की सही व्याख्या नहीं करता है।
(iii) A सही है परन्तु R गलत हैं।
(iv) A तथा R दोनों गलत हैं।

(झ) अभिकथन ( A ) : कपड़ों में सुंदरता तथा चमक लाने के लिये इन्हें इस्तरी करना चाहिए। 1
कारण ( R ) : विभिन्न तन्तुओं पर इस्तरी करने का तापमान अलग–अलग होता हैं।

(ञ) अभिकथन ( A ) : फैशन एक शैली है जो किसी एक कालावधि में सबसे अधिक प्रचलन में रहती हैं। 1
कारण ( R ) : शैली परिधान की विशिष्टता होती है।

02 :– अर्थपूर्ण कार्य से आप क्या समझते हैं ? 1

03 :– जनस्वास्थ्य पोषण क्या हैं ? 1

04 :– I.C.D.S. का पूर्ण रूप क्या हैं ? 1

05 :– रेड रिबन एक्सप्रेस अभियान क्या था ? 1

06 :– सूची में दिए गए आतिथ्य सेवाएं प्रदान करने वाले विभिन्न प्रकार के प्रतिष्ठानों का मिलान करें ? 2

| सूची I ( आतिथ्य सेवाएं) | सूची II (सुविधाएं) |
|---|---|
| (i) होटल | (i) केवल आवास |
| (ii) मोटेल | (ii) आवास,भोजन और अन्य सेवाएं |
| (iii) रिसोर्ट | (iii) कमरे के पास ठहरने की व्यव्स्था और पॉर्किंग |
| (iv) लॉज | (iv) सुविधाओं की विविधता के साथ आवास |

A. (i) – 4 , (ii) – 3, (iii) – 2, (iv) – 1
B. (i) – 2 , (ii) – 3, (iii) – 4, (iv) – 1
C. (i) – 1 , (ii) – 2, (iii) – 3, (iv) – 1
D. (i) – 3 , (ii) – 4, (iii) – 1, (iv) – 2

07 :– खाद्य उद्योग में रोजगार के अवसरों को सचित्र समझायें ? 2

08 :– कोडेक्स और आई0एस0ओ0 में अन्तर स्पष्ट कीजिये ? 2

09 :– सूची I में दिए गए रंग सामंजस्य को सूची II में दिये गए विवरण से सुमेलित करें? 2

| सूची I ( रंग सामजस्य) | सूची II (विवरणं) |
|---|---|
| (i) एकवर्णी सामंजस्य | (i) पूरक के दो जोड़े |
| (ii) अवर्णी सामंजस्य | (ii) केवल तटस्थ |
| (iii) दोहरा पूरक सामंजस्य | (iii) तीन रंगो का संयोजन |
| (iv) विभाजित पूरक सद्भाव | (iv) एकल रंग |

A. (i) – 4 , (ii) – 2, (iii) – 1, (iv) – 3
B. (i) – 2 , (ii) – 3, (iii) – 4, (iv) – 1
C. (i) – 1 , (ii) – 2, (iii) – 3, (iv) – 4
D. (i) – 3 , (ii) – 4, (iii) – 1, (iv) – 2

10 :– खाद्य पदार्थो के भौतिक संकट क्या–क्या हैं ? 2

11 :– प्रमुख कार्यालय स्टाफ के किन्हीं तीन स्टाफ सदस्यों के 01–01 उत्तरदायित्वो को लिखिए ? 3

12 :– वे कौन से कारक हैं, जो वस्त्रों के ताने–बाने को उसके निमार्ण से प्रभावित करते है ? 3

13 :– आप अपने मित्र को क्या सलाह देगें जो फैशन डिजाइनिंग और व्यापार को जीविका के रूप में अपनाना चाहता हैं ? 3

14 :– अभियान क्या हैं ? अपनी पसंद की समस्या पर अभियान के लिए दो नारे लिखिए। 3

15 :– ई0सी0सी0ई0 के क्षेत्र में निम्नलिखित में से प्रत्येक का योगदान बताइए ? 3

(i) पियाजे (ii) मारिया मोंटसरी

16 :– डॉक्टरी पोषण और आहार विशेषज्ञों की जीविका के लिए हम कैसे तैयारी कर सकते हैं ? 3

17 :– खाद्य्य पदार्थो के वर्ग अर्थात विकार्य ,अर्थ विकार्य और अविकारी पदार्थ में अन्तर बताइयें ? 3

18 :– गृहणियॉ कौन होती हैं ? परिवार की अर्थव्यवस्था में उनका क्या योगदान होता हैं ? 3

19 :– टिप्पणी लिखिए – खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 3

20 :– डिजाइन के सिद्धांत किसे कहते हैं ? और डिजाइन के कितने प्रकार हैं ? 3

21 :– निम्नलिखित को सूचीबद्ध कीजिए :– 4

(i) कोई तीन उपभोक्ता अधिकारी

(ii) कोई तीन उपभोक्ता दायित्व

(iii) कोई तीन उपभोक्ता समस्याऍ

(iv) कोई तीन मानकीकरण चिन्ह(मार्क) चित्र सहित

22 :– व्यावसायिक धुलाईघरों और अस्पतालों के धुलाईघरों के धुलाई कार्य की प्रक्रिया में अन्तर स्पष्ट करें ? 4

23 :– जन पोषण समस्याओं से जूझने के लिए उपयोग में लाई जा सकने वाली विभिन्न कार्य नीतियों की विवेचना कीजिये ? 4

24 :– **निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिएः–**

आई0सी0डी0एस0 विश्व का सबसे बड़ा आरंभिक बाल्यावस्था कार्यक्रम हैं, जिसका उद्देश्य समेकित तरीके ये छः वर्ष से कम उम्र के बच्चों के स्वास्थ्य पोषण, आरंभिक शिक्षा ,तीन वर्ष से छः वर्ष की आयु के बच्चों की अनौपचारिक विद्यालय शिक्षा, माताओं के लिए गर्भवती और स्तनपान कराने वाली और छः वर्ष से कम सभी बच्चों को पूरक भोजन, मूलभूत स्वास्थ्य देखरेख, टीकाकरण आदि ऑगनबाड़ी केन्द्र पर समेकित तरीके से दी जाती है।

(क) ऑगनबाड़ी में कितने साल तक के बच्चे होते है ? 1

(ख) इस योजना की शुरूआत कब हुई ? 1

(ग) **I.C.D.S.** के अन्तर्गत कौन–कौन से वर्ग लाभार्थी हैं और इन्हे क्या–क्या सुविधायें दी जाती है ? 2